खास-खबरें

## नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने की मंत्री राजपूत से सौजन्य भेंट



**सागर।** भाजपा की नवनियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी पटेल ने सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निवास मातेश्वरी पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। मंत्री श्री राजपूत ने रानी पटेल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो आपको जिम्मेदारी दी है उसे आप पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं तथा सभी को साथ लेकर पार्टी को और मजबूत बनाएं मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व और कर्माता से संगठन बूथ बूथ पर और अधिक सशक्त होगा।

## शत प्रतिशत समग्र-ई केवाईसी एवं आयुष्मान लक्ष्य पूर्ण करने वाले अधिकारी, कर्मचारी होंगे 26 जनवरी को सम्मानितः कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए हैं कि समग्र–ई केवाईसी का लक्ष्य पूर्ण करने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय से संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को 26 जनवरी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड के संबंध में भी निर्देश दिए गए कि 70 प्लस आयुष्मान कार्ड का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने वाले अधिकारी , कर्मचारी को भी उत्कृष्टता के आधार पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ ऐसे कर्मचारियों के नाम अपर कलेक्टर कार्यालय में अवश्य प्रदान करें जो लगातार अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसे शासकीय सेवकों को सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी जिला प्रमुख को निर्देश दिए कि वे गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में उन्हें सौंपे गए विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें।

## प्रत्येक बूथ पर प्रभावी रूप से प्रसारित हो मन की बात कार्यक्रम, आम जनों को भी आयोजन से जोड़ेः श्याम तिवारी

सागर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मासिक संवाद कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण आज 19 जनवरी रविवार को प्रात 11 से किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम के निमित्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रतिनिधि के साथ वर्चुअल बैठक कर विस्तृत चर्चा की। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पदाधिकारियों से मन की बात कार्यक्रम की 118 वीं कड़ी के प्रसारण कार्यक्रम को जिले में सभी बूथों पर प्रभावी रूप से आयोजित करवाने का आग्रह किया उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर निश्चित स्थान पर कार्यक्रम प्रसारण हेतु प्रभावी कार्यक्रम हो कार्यक्रम में स्थानीय बूथ समिति,बूथ पर निवासरत् वरिष्ठ नेता,पार्टी पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि शामिल हों आयोजन में स्थानीय आम जनों को भी आमंत्रित किया जाए आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएँ व कार्यक्रम उपरांत आवश्यकरूप से कार्यक्रम की समूची जानकारी संगठन एप पर दर्ज की जाए! जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जिला वासियों से मन की बात कार्यक्रम सुनने का आग्रह किया है। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी सागर विधानसभा मे डॉ. हरिसिंह गौर मंडल के बूथ क्रमांक 215 में मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण कार्यक्रम में शामिल होंगें। बैठक का संचालन आई. विभाग संयोजक बाल किशन सोनी ने एवं आभार सोशल मीडिया प्रभारी अंशुल परिहार ने व्यक्त किया!

## सीएम हेल्प लाईन पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा के बाद पाया कि कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा समयबद्ध शिकायतों का समाधान नहीं किया गया, जिससे जिले की ग्रेडिंग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री बी एल मालवीय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हेमंत कश्यप, कुल सचिव स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय डॉ. के. के. शुक्ला एवं महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महेश जैन को विगत माह की लंबित शिकायतों में अपेक्षित प्रगति हेतु निर्देशित किया गया था परंतु आज दिनांक तक लंबित शिकायतों की संख्या अत्यधिक होने के कारण जिले की ग्रेडिंग निम्नतर हो रही हैं जिससे जिले की ग्रेडिंग प्रभावित हुई हैं जो कि टीएल बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रतिकूल हैं। यह कृत्य शासन की जनकल्याणकारी योजना के प्रति मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम के तहत आपके कर्तव्य तथा आपकी उदासीनता एवं लापरवाही का उदघोतक है।

## कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल का नरयावली विधानसभा में पहुंचने पर हुई भव्य अगवानी



सागर। आगामी 27 जनवरी को संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ महू में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे जय बापू,जय भीम,जय संविधान कार्यक्रम को लेकर सागर पहुँचे अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के नरयावली विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में मकरोनिया में कांग्रेसजनों ने पटैल का फूल मालाओं व शॉल श्रीफल और साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी,विजय साहू,दीपक दुबे,अभिषेक गौर,शरद राजा सेन,अशरफ खान,अनिल कुर्मी, मोती लाल कुर्मी, हेमन्त लारिया, मोहित कुर्मी, हर्षवर्धन कुर्मी, जय दीप तिवारी, दीपक कुर्मी,बिहारी कुर्मी, राम बहादुर कुर्मी, मुल्ले चौधरी, विनोद रजक, आई एम खान, सुनील चौधरी, समीर काजी, राजेश कुमार, वीरेन्द्र चौधरी आदि कांग्रेस जन मौजूद थे।

## कुलगुरु ने परीक्षा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

**सागर।** रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर द्वारा विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र सहित सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 की सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन विगत दिवस किया गया। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में की गई। कुलसचिव डॉ शक्ति जैन ने 28 पाठ्यक्रमों की समय सारिणी, विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र की परीक्षा समिति, उड़न दस्ता समिति के संबंध में जानकारी प्रदान की। प्रभारी परीक्षा नियंत्रक ने सभी केंद्रों को परीक्षा सामग्री वितरण संबंधी कार्ययोजना प्रस्तुत की। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में 8 जनवरी को सम्पन्न प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं की बैठक में समय पर परीक्षा आयोजन व यथाशीघ्र परिणाम घोषित किये जाने संबंधी जानकारी सहित महत्त्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये। बैठक में कुलगुरु ने निर्देशित किया कि परीक्षा कार्यों में गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाये। गौरतलब है कि सागर के नवीन राजकीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इनमें एम एससी प्रथम सेमेस्टर भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, प्राणिविज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, गणित, औद्योगिक रसायन, होम साइंस, एम ए भूगोल के नियमित परीक्षार्थियों के साथ ही एम कॉम, एम ए इतिहास, हिंदी, राजनीति विज्ञान,संस्कृत, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, समाजशास्त्र के नियमित व स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षाएँ शामिल हैं।

### शासन ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को अनुज्ञप्ति (लायसेंस) लेना किया अनिवार्य

# 45 दिन के अंदर व्यापार लायसेंस के लिए आवेदन न करने पर संबंधित प्रतिष्ठान को किया जायेगा सील

सागर

नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने सहायक आयुक्त श्री आनंद मंगल गुरु को निर्देषित किया है कि शासन निर्देषानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के व्यापारियों के नियमानुसार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) बनाने हेतु आवष्यक कार्यवाही प्रारंभ करें। शासन निर्देषानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को 45 दिन के अंदर व्यापार अनुज्ञप्ति (लायसेंस) हेतु आवेदन न करने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील किया जायेगा। इस संबंध में शासन ने सभी व्यापारियों को अनुज्ञप्ति (लायसेंस) लेना अनिवार्य किया है। इस संबंध में म.प्र.राजपत्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल दिनांक 18 अप्रैल 2023 में प्रकाषन कर मध्यप्रदेष नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) के साथ पठित धारा 433 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र की सीमाओं के भीतर कोई व्यापार करने के विनियमन के लिये नियम बनाये गये है। जिसमें व्यापार करने वाले सभी व्यक्तियों के लिये 45 दिनों के भीतर अनुज्ञप्ति (लायसेंस) को आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। जिसमें स्थानीय परिस्थिति पर निर्भर करते हुये सड़की चौड़ाई या स्थान जहॉ व्यापार परिसर स्थित है के आधार पर उन क्षेत्रों को वगीकृत करेगी, जिनमें व्यापार किया जा रहा है।, नगर निगम क्षेत्र में भवन तथा खुले स्थानों पर 7.5 मीटर से कम तथा 7.5 मीटर तक रू. 4/– प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। व्यापार परिसर की अवस्थिति पर आधारित न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क मोहल्ला कालोनी में रू. 4/– प्रति वर्गफुट, छोटे एवं मध्यम आकार के बाजारों में रू. 5/– प्रति वर्गफुट एवं वृहत बजारों में रू. 6 प्रति वर्गफुट प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार गुमटी / कच्ची दुकानों के लिये न्यूनतम वार्षिक व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क रू. 250/– प्रतिवर्ष एवं मोटरयान/ मिनी ट्रक/पिकअप वेन/जीप के लिये रू. 400/– प्रति वाहन प्रतिवर्ष एवं आटो रिक्षा/तिपहिया वाहन आदि के लिये रू. 250/– प्रति वाहन प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। राजपत्र में लेख किया गया है कि लायसेंस लेना वाला कोई भी वाहन यह सुनिष्चित करेगा कि यातायात को कोई अवरोध न हो यदि उसके द्वारा यातायात को कोई अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी जायेगी। अनुज्ञप्ति लायसेंस का नवीनीकरण आवेदन अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तारीख से कम से कम 1 माह पूर्व यथाविहित अनुज्ञप्ति शुल्क के भुगतान के साथ मूल अनुज्ञप्ति की प्रति लगाना अनिवार्य होगा। यदि अनुज्ञप्ति की समाप्ति के 1 वर्ष के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन नहीं करता है तो अनुज्ञप्ति को निरस्त कर परिसर को सील किया जायेगा।

### सुगम आवागमन और सुरक्षित यातायात में चौड़ी सड़कों और व्यवस्थित चौराहों की महत्वपूर्ण भूमिका

सभी को आवागमन में सुविधा हो और शहरी यातायात सुरक्षित व व्यवस्थित हो, इसके लिए सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही चौराहों का सुव्यवस्थित होना महत्वपूर्ण है। उक्त बात नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने धर्मश्री बाईपास चौराहे पर प्रगतिरत चौराहा उन्नयन कार्यों का निरीक्षण करते हुये कही। उन्होंने कहा यह चौराहा शहर के बड़े मंदिरों तक पहुंच और बाहरी बड़े वाहनों की आवाजाही वाला चौराहा है यहां से नित्यप्रति बड़ी संख्या में लोग वाहनों से गुजरते हैं। इसके व्यवस्थित निर्माण के बाद शहर के अन्य चौराहों की तरह यह भी एक सुंदर और बड़ा चौराहा होगा। उन्होंने कहा की शीतला माता मंदिर तिराहे की तरह ही धर्मश्री का यह चौराहा भी आकर्षक बनेगा।

## फार्मर रजिस्ट्री, खसरा लिंकिंग, नक्शा, तरमीम और किए जाएंगे अन्य राजस्व संबंधी कार्यः कलेक्टर

सागर



कलेक्टर संदीप जी आर ने राजस्व महाअभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सोमवार से 25 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक एवं सायं 4 से 7 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग, नक्शा, तरमीम, नामांतरण, बंटवारा आदि सभी राजस्व संबंधी कार्य किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए उक्त शिविर का सुचारू रूप से आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इन शिविर में अपर कलेक्टर सहित संयुक्त कलेक्टर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को राजस्व महाभियान तथा जनकल्याण अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले इन अभियानों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में लगाए जाने वाले शिविरों का पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जाए तथा शिविर में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहें। शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गंभीरता से सुना जाए और उसके आवेदन का जल्द से जल्द समुचित निराकरण किया जाए।

## सागर के दीपाली पैलेस में 24 जनवरी को होगा क्षत्रिय महासभा का मातृशक्ति सम्मेलन

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा समाज की महिलाओं की जागृति व एकजुटता के लिए आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन आगामी 24 जनवरी को सागर की दीपाली होटल के क्रिस्टल हाल में आयोजित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा सागर की महिला विंग की जिलाध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत ने बताया कि मातृशक्ति सम्मेलन होटल दीपाली के क्रिस्टल हाल में 24 जनवरी की प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा के संरक्षक मंडल व जिला अध्यक्ष लखन सिंह के मार्गदर्शन में क्षत्रिय महिला विंग की अध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में समाज की सभी महिलाओं, बेटियों से सम्मेलन में पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने आग्रह क्षत्रिय महासभा की ओर से किया गया है। जिला अध्यक्ष प्रीति सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज की नारी शक्ति को एकता व उत्थान के लिए संगठित व प्रोत्साहित करने, समाज के उत्थान हेतु आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और भावी पीढ़ी को आगे बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित है।

## क्रिकेट महाकुंभ में जो भी मैन ऑफ द सीरीज होगा, उसे डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो.में ट्रेनिंग देकर आगे ले जाएगा : विधायक लारिया

सागर



जिले की सुरखी विधानसभा में आयोजित क्रिकेट महाकुंभ का आगाज क्षेत्रीय युवाओं के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आया है। शनिवार को बिलहरा स्थित खेल मैदान पर इस महाकुंभ के तहत रोमांचक मैच का आयोजन हुआ। खेल के साथ–साथ क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी और नरयावली विधायक और सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप लारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनके हौसले को नई ऊंचाई दी। इस दौरान उन्होंने पिच पर बल्लेबाजी करते हुए आयोजन की शुरुआत की। युवा शक्ति संगठन के सदस्य और भाजपा नेता आकाश सिंह राजपूत की बॉल पर विधायक लारिया ने चौका लगाया तो जिला अध्यक्ष तिवारी ने भी बॉलिंग कर खिलाड़ियों में उत्साह भर दिया।

नरयावली विधायक और सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप लारिया ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और उनके बेटे आकाश सिंह राजपूत व उनकी सहयोगी टीम को शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने सुरखी विधानसभा में क्रिकेट महाकुंभ की शुरुआत की। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इस आयोजन के माध्यम से मध्य प्रदेश की सुरखी विधानसभा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा है। इस क्रिकेट महाकुंभ ने दो बार अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव गांव के होनहार खिलाड़ी निकलकर सामने आ रहे हैं, जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच नहीं मिलता था, इसलिए इस क्रिकेट महाकुंभ में जो भी मैन ऑफ द सीरीज होगा, उसे डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह खिलाड़ी कोच से प्रशिक्षण लेकर अपने खेल को बेहतर कर सके। उस खिलाड़ी को हम ओर आगे ले जाएंगे।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अगुवाई में और उनके बेटे आकाश सिंह राजपूत व उनकी टीम के संयोजन में हो रहा क्रिकेट महाकुंभ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। एक ओर देश का युवा जो व्यसन की ओर जा रहा है वहीं कुछ युवा ऐसे भी है, जो खेलों की ओर बढ़ रहे हैं।

**निरीक्षण** कालोनीवासियों ने महापौर एवं एमआईसी सदस्यों का स्वागत कर आभार जताया

# महापौर ने शास्त्री वार्ड स्थित विद्यासागर कालोनी में बनाई गई सीसी रोड का निरीक्षण किया

सागर



महापौर संगीता सुशील तिवारी ने महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी, एमआईसी. सदस्य एवं पार्षदों के साथ शास्त्री वार्ड स्थित विद्यासागर कालोनी में 15 लाख रूपये की लागत से बनायी गई सी.सी.रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर, महापौर प्रतिनिधि, एम.आई.सी.सदस्य एवं पार्षदों का कालोनीवासियों ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि विद्या सागर कालोनी में पक्की सड़क न होने के कारण यहॉ के निवासियों को बहुत परेशानी होती थी। मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज के सागर पधारने पर पूर्व नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्रसिंह जी जब उनके दर्शन करने के लिये भाग्योदय तीर्थ गये थे तब सड़क निर्माण की मांग कालोनीवासियों ने उनसे की थी और मान.श्री भूपेन्द्रसिंह जी ने सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। नगर निगम द्वारा इस सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है , अब यहॉ के निवासियों को कोई परेशानी नहीं होगी।

महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिये सभी वार्डो में विकास कार्य चल रहे है, जिन स्थानों पर आजादी के बाद कभी सड़क का निर्माण नहीं किया गया था ऐसे स्थानों को चिन्हित कर सड़क का निर्माण किया जा रहा है अभी बाघराज वार्ड में संजय ड्राइव से लेकर तिली चौराहे तक सी.सी.रोड का निर्माण किया जा रहा है, जो बहुत जल्दी ही नागरिकों के लिये एक बहुत अच्छी लिंक रोड़ मिलेगी। महापौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रतियोगिता के तहत् शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिये निगम प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है, नगर निगम क्षेत्र के ब्लैक स्पाट को समाप्त कर सौन्दर्यीकरण के कार्य किये जा रहे है इसलिये स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अच्छी रैंक लाने के लिये सभी लोग अपनी सहभागिता करें जिससे हमारा शहर भी अन्य शहरों की भांति अच्छी रैंक लाने में सफल हो सके।

महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि लंबे समय से विद्या सागर कालोनीवासियों द्वारा इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जो आज भूपेन्द्रसिंह के प्रयासों से पूर्ण हो गई है, उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के आवश्यक कार्यो को महापौर परिषद द्वारा तत्काल स्वीकृति प्रदान की जा रही है, जिस कारण विभिन्न वार्डो में किये जा रहे विकास कार्य अपना मूर्तरूप ले रहे है। इसके अलावा पार्षद निधि के अंतर्गत सभी वार्डो में सड़क, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था सहित अनेक विकास कार्य किये जा रहे है।